श्री डोरीलाल अग्रवाल राष्ट्रीय मेधावी दिव्यांग छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू

AMAR UJALA FOUNDATION

14 अक्तूबर तक प्राप्त कर सकते हैं आवेदन फॉर्म dsctagra2024@gmail.com पर करनी होगी मेल

माई सिटी रिपोर्टर

आगरा। श्री डोरीलाल अग्रवाल राष्ट्रीय मेधावी दिव्यांग छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्रवृत्ति कार्यक्रम संयोजक सुनील विकल ने बताया कि केवल वही दिव्यांग छात्र-छात्राएं आवेदन फॉर्म भर सकेंगे जो जुलाई, 2024 से प्रारंभ सत्र में एमबीबीएस, बीटेक, बीई, एमबीए, एमसीए और पीएचडी में नियमित छात्र के रूप में अध्ययन कर रहे हैं।

अमर उजाला फाउंडेशन और दिव्यांग सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट आगरा के संयुक्त तत्वावधान में दी जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 अक्तूबर है। संस्था के सचिव अनिल अग्रवाल ने बताया कि 14 अक्तूबर तक ऑनलाइन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

इसके लिए छात्र को dsctagra2024@gmail.com पर अपना नाम, कक्षा, मोबाइल नंबर लिखकर अपने एक फोटो के साथ मेल करना होगा। आवेदन फॉर्म छात्र की मेल आईडी पर भेज दिया जाएगा। संस्था के उपाध्यक्ष डॉ. मुनीश्वर गुप्ता ने बताया कि सीएमओ की ओर से जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र की फोटो भी मेल करनी होगी।

ये कर सकते हैं आवेदन

वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल के अनुसार एमबीबीएस, बीई, बीटेक, एमसीए, एमबीए और पीएचडी में पढ़ रहे दिव्यांग छात्र-छात्राओं को ही छात्रवृत्ति दी जाएगी। चयनित छात्रों को 24 हजार रुपये तब तक दिए जाएंगे, जब तक वह अध्ययन करना चाहते हैं।

ये नहीं कर सकेंगे आवेदन

आनंद राय ने बताया कि अपरिहार्य कारणोंवश स्नातक परास्नातक एवं अन्य व्यावसायिक कोर्स में पढ़ रहे छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए इस वर्ष आवेदन नहीं कर सकेंगे। ट्रस्ट के संस्थापक एवं मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि जिन छात्रों को वर्ष 2023 में छात्रवृत्ति प्रदान की गई थी और शैक्षिक सत्र 2024-25 में अगली कक्षा में पढ़ रहे हैं इन छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। इस वर्ष की छात्रवृत्ति 2023-24 में उत्तीर्ण परीक्षा के अंकों के आधार पर दी जाएगी। जिन छात्रों ने पढ़ाई पूरी कर इस वर्ष मेडिकल इंजीनियरिंग, एमबीए, एमसीए, पीएचडी में प्रवेश किया है, उन्हें दोबारा आवेदन करना होगा।